अनुक्रमांक ..... समय : 1.00 घण्टा

नाम ..... पूर्णांक : 25

प्रश्न-पुस्तिका
द्वितीय सेमेस्टर – 2022
(गणित)

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. सबसे छोटा पूर्णांक है— **(1)**

(A) 1 (B) 0

(C) -1 (D) इनमें से कोई नहीं

2. उस समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल कितना होगा, जिसका परिमाप 3 मीटर है? **(1)**

(A) √3/4 सेमी 2 (B) √3/4 मीटर 2

(C) 9√3/4 मीटर 2 (D) 9 मीटर 2

3. निम्न में से अभाज्य संख्याएँ हैं— **(1)**

(A) 8, 2, 4 (B) 11, 2, 3

(C) 3, 7, 9 (D) 7, 5, 6

4. परिमेय संख्या -3/4 का योगात्मक एवं गुणात्मक प्रतिलोम होगा— **(1)**

(A) -3/4 और -4/3 (B) 3/4 और -4/3

(C) -3/4 और 4/3 (D) 3/4 और 4/3

5. निम्नलिखित में से रैखिक समीकरण कौन-सा नहीं है? **(1)**

(A) x + 8 = 27 (B) 3x - 5 = 2x + 8

(C) 2x 2 + 3x - 5 = 0 (D) x/5 = 6

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

6. धन पूर्णांक 4x - 6 के ठीक बाद का धन पूर्णांक ज्ञात कीजिए। **(1)**

7. (-2/3) + (-4/5) - 6/7 को सरल कीजिए। **(1)**

8. 15 सेमी भुजा वाले वर्ग से 5 सेमी भुजा वाले कितने वर्ग काटे जा सकते हैं? **(1)**

9. एक घनाकार बर्तन की कोर 10 सेमी है। बर्तन में रखे जल का आयतन लीटर में ज्ञात कीजिए। **(1)**

10. (x **(1)**

11. किसी संख्या के एक-चौथाई में से 1 घटाने पर शेषफल 1 है। वह संख्या ज्ञात कीजिए। **(1)**

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. एक वर्गाकार बगीचे के चारों ओर 50 सेमी चौड़ाई का मार्ग बना हुआ है। बगीचे की लम्बाई मार्ग सहित 51 मीटर है। बगीचे का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **(2)**

13. यदि x **(2)**

14. माँ की आयु पिता की आयु से 5 वर्ष कम है। 10 वर्ष पूर्व दोनों की आयु का अनुपात 5 : 6 था। माँ की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। **(2)**

15. एक कमरे की लम्बाई 64 मीटर 7 सेमी तथा चौड़ाई 20 मीटर 21 सेमी है। उस बड़ी-से-बड़ी वर्गाकार टाइल की भुजा ज्ञात कीजिए, जिसे बिना तोड़े फर्श पर लगाया जा सके। **(2)**

16. वृत्ताकार मैदान का क्षेत्रफल 154 वर्ग मीटर है। उसके व्यास की लम्बाई ज्ञात कीजिए। **(2)**

17. 112 - [121 ÷ (11 × 11) - (-4) - {3 - **(2)**

18. एक टोकरी में यादृच्छिक रूप से चुने गए 30 संतरों के भार (ग्रामों में) नीचे दिए गए हैं। वर्गमाप 10 लेकर टैली चिह्न बनाते हुए बारम्बारता सारणी बनाइए। **(2)**

UPDELEDSTUDY.IN

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/ganit/2022

2. गणित का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/ganit/

3. गणित के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/ganit/

हमसे जुड़ें
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN